वैशाख शुक्ल पक्ष अष्टमी
विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 5 मई 2025
वर्ष 6, अंक 164, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली महानगर

एक सम्पूर्ण अखबार

PAGE .5: MIDDLE

# दर्द स्वाभाविक मगर रोकना सबसे बड़ी चुनौती



वर्कशॉप में बोलते विशेषज्ञ, मौजूद चिकित्सक एवं छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

● **एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज में पेन अपडेट सीएमई और वर्कशॉप का आयोजन**

**बरेली, अमृत विचार :** दर्द स्वाभाविक है। कभी भी किसी को भी कैसा भी दर्द हो सकता है। यह होना ही है और इसे रोकना आज की सबसे बड़ी चुनौती। अच्छी बात है कि इसे कम किया जा सकता है और यह चिकित्सकों के हाथ में है। यह बातें एनेस्थीसिया, पेन मेडिसिन विभाग और इंडियन सोसायटी आफ पेन क्लीनीसियन की ओर से रविवार को एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज में आयोजित पेन अपडेट सीएमई और वर्कशाप में विशेषज्ञों ने कहीं।

उद्घाटन सत्र में संस्थान के चेयरमैन देव मूर्ति ने कहा कि चोट लगने पर दर्द होता ही है, इसके साथ कटने, हड्डी टूटने और ऑपरेशन पर भी दर्द होता है। इसके लिए अत्याधुनिक तकनीकों और रिसर्च की जानकारी आवश्यक है। इसी के लिए पेन अपडेट सीएमई का आयोजन किया गया। उम्मीद है इससे चिकित्सकों को फायदा होगा और मरीजों को राहत मिलेगी। ऑर्गनाइजिंग चेयरपर्सन डॉ. गीता कार्की ने कहा कि कैंसर जैसा असाध्य दर्द भी रिसर्च और प्रोटोकॉल की अत्याधुनिक जानकारी से कम किया जा सकता है। ऑर्गनाइजिंग सेक्रेटरी डॉ. वैभव भंडारी ने आभार जताया। संचालन डॉ. शुभ्रा ने किया। सीएमई में एम्स रायबरेली के डॉ. विजय अदाबाला ने कैंसर के दर्द के उपचार के लिए डब्ल्यूएचओ की एनालिसिस पर व्याख्यान दिया। एम्स ऋषिकेश के प्रो. अजीत कुमार ने कैंसर के असाध्य दर्द को कम करने पर व्याख्यान दिया। एम्स गोरखपुर के डॉ. रवि शंकर शर्मा, डॉ. ज्योति पठानिया, डॉ. एके सिन्हा, डॉ. निहारिका अरोड़ा, डॉ.आदित्य पाल महेश्वर ने कैंसर सहित विभिन्न तरह के दर्द पर व्याख्यान दिया। डायरेक्टर आदित्य मूर्ति, एचओडी, फैकल्टी और विद्यार्थी मौजूद रहे।